गुरुग्राम
बुधवार
01 मई, 2024
वर्ष 12, अंक 120
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com 08

अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह ने की अधिकारियों के साथ बैठक

# अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन



ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

बल्लभगढ़। मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा पी.जी के विद्यार्थियों के लिए नेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें? विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुमारी अंजली (नेट क्वालीफाई, व्याख्याता विद्या मंत्र अकैडमी) उपस्थित रही। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल कॉलेज प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में पी.जी के विद्यार्थियों के लिए अनेक अनेक शैक्षणिक गतिविधियां उनके आगामी भविष्य को देखते हुए आयोजित की जाती हैं। मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नेट पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें यूजीसी द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही तैयारी किस प्रकार, कहां से शुरू की जाए इस पर भी प्रकाश डाला। कुमारी अंजली ने नेट परीक्षा संबंधी कुछ विशेष पुस्तकों के बारे में जानकारी सांझा करते हुए विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से नेट कोचिंग संबंधी संस्थाओं के विषय में भी बताया। इस अतिथि व्याख्यान में पीजी के लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासा का समाधान किया। हिंदी विभागाअध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।

# अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन




समाचार गेट ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** मंगलवार को अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ में हिंदी विभाग द्वारा पी.जी के विद्यार्थियों के लिए नेट परीक्षा की तैयारी कैसे करें? विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में कुमारी अंजली (नेट क्वालीफाई, व्याख्याता विद्या मंत्र अकैडमी) उपस्थित रही। अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष एवं अग्रवाल कॉलेज प्रधान देवेंद्र गुप्ता, अग्रवाल कॉलेज महासचिव एडवोकेट दिनेश कुमार गुप्ता एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संजीव गुप्ता के संरक्षण में पी.जी के विद्यार्थियों के लिए अनेक अनेक शैक्षणिक गतिविधियां उनके आगामी भविष्य को देखते हुए आयोजित की जाती हैं। मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नेट पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें यूजीसी द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी। साथ ही तैयारी किस प्रकार,कहां से शुरू की जाए इस पर भी प्रकाश डाला। कुमारी अंजली ने नेट परीक्षा संबंधी कुछ विशेष पुस्तकों के बारे में जानकारी साँझा करते हुए विभिन्न ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रकार से नेट कोचिंग संबंधी संस्थाओं के विषय में भी बताया। इस अतिथि व्याख्यान में पीजी के लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासा का समाधान किया। हिंदी विभागाअध्यक्षा डॉ० रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता श्रीमती मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।



02

कुरुक्षेत्र में होगी सुपर-100 के चयनित विद्यार्थियों की परीक्षा, नूंह के 53 विद्यार्थी होंगे शामिल

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

एनसीआर सिटी

04

शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने स्कूल का नाम रोशन किया



नई दिल्ली, पृष्ठ-04 बुधवार, 01 मई 2024

विक्रमी संवत 2081, पूर्णिमांत-वैशाख, कृष्ण पक्ष अष्टमी, मूल्य: 2.00 रुपए


## अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मंगलवार को एक साथ तीन कार्यक्रम का आयोजन



आज समाज नेटवर्क

बल्लभगढ़। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में मंगलवार को एक साथ तीन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कड़ी में सबसे पहले आयुष्मान भारत दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग इस कार्यक्रम में कुल 42 विद्यार्थियों ने भाग लिया। वहीं दूसरे चरण में अग्रवाल कॉलेज में भारतीय संस्कृति के ज्ञान हेतु कार्यशाला तो तीसरे चरण में अग्रवाल कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

आयुष्मान भारत दिवस प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार गुप्ता, महासचिव दिनेश कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव कुमार गुप्ता के दिशा-निर्देशन में हेल्थ अवेयरनेस क्लब तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स क्लब के द्वारा आयुष्मान भारत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य वक्ता पंकज नागर (काउंसलर,सिविल हॉस्पिटल बल्लभगढ़) थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डॉ. जयपाल सिंह (संयोजक, हेल्थ अवेयरनेस क्लब) की देखरेख में डॉ गीता गुप्ता, सुभाष कैलोरिया, एवं नेहा गोयल (समन्वयक, एसडीजी क्लब)द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। वहीं दूसरे चरण में अग्रवाल कॉलेज में भारतीय संस्कृति के ज्ञान हेतु कार्यशाला में इंडियन नॉलेज सिस्टम सेंटर (भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र) के तत्वावधान में भारतीय ज्ञान परंपरा: विकास एवं योगदान विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में रिटायर्ड एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. टीडी दिनकर उपस्थित रहे। इंडियन नॉलेज सिस्टम केंद्र की संयोजिका डॉ. पूजा सैनी, सहसंयोजिका डॉ. सुप्रिया ढांडा एवं कमेटी के अन्य सदस्यों प्रिया अरोड़ा, डॉ. देवेंद्र, डॉ. प्रियंका सेहरावत तथा डॉ. रेनू माहेश्वरी के प्रयासों से यह कार्यशाला सफल एवं सार्थक रही। मुख्य अतिथि कुमारी अंजली ने सर्वप्रथम विद्यार्थियों को नेट पाठ्यक्रम के विषय में विस्तार पूर्वक बताते हुए उसमें यूजीसी द्वारा किए जा रहे परिवर्तनों के बारे में भी जानकारी दी। अतिथि व्याख्यान में पीजी के लगभग 55 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारिता निभाई और प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासा का समाधान किया। हिंदी विभागाध्यक्षा डॉ. रेनू माहेश्वरी एवं सहायक प्रवक्ता मधु सिंगला के प्रयासों से यह अतिथि व्याख्यान सफल एवं सार्थक सिद्ध हुआ।